श्री बंशीधर नगर, सोमवार
28.09.2026
आश्विन कृष्णपक्ष द्वितीया संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 37

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:45 बजे
अस्त - 05:53 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 22 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
अंतरजिला चोरी गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार >> पेज 03 बेटियों की सुरक्षा पर कृति सेनन ने उठाई आवाज >> पेज 05

## सुविचार

संसार में समस्या यह है कि मूढ़ लोग अत्यन्त सन्देहरहित होते हैं और बुद्धिमान संदेह से परिपूर्ण।
- जार्ज बर्नार्ड शॉ

## न्यूज अपडेट्स

### रांची में सीआरपीएफ जवान ने सर्विस राइफल से गोली मारकर की खुदकुशी

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित तिरिल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) मुख्यालय में रविवार को एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक जवान की पहचान पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के हैदरनगर थाना क्षेत्र स्थित इमलियाटीकर गांव निवासी भुनेश्वर पाल (पिता- रामलखन पाल) के रूप में हुई है। बताया गया कि भुनेश्वर पाल तिरिल स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान उन्होंने अपनी आवंटित एके-47 राइफल से गोली चला दी। गोली गर्दन में लगने से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर सीआरपीएफ परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सहकर्मियों ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय विधानसभा थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए गए हैं। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए फोरेंसिक साइंस लैब की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट समेत अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए हैं।

**आंदोलन** पांच दिवसीय कार्य सप्ताह करना है प्रमुख मांग

# बैंकों की तीन दिन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल आज से शुरू

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की यूनियनों की सोमवार से 3 दिवसीय देशव्यापी हड़ताल शुरू होगी, जिसके चलते चेक क्लीयरेंस, नकद निकासी और जमा सहित बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है। बैंक यूनियनों ने इस हड़ताल का आह्वान 5 दिवसीय कार्य सप्ताह और अन्य लंबित मांगों को लेकर किया है।




यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर तीन दिन की बैंक हड़ताल 28 सितंबर को शुरू हो रही है, जो 30 सितंबर तक चलेगी। यह हड़ताल हफ़्ते में पांच दिन काम करने जैसी मांगों को लेकर की जा रही है। हड़ताल का मुख्य असर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, पुरानी पीढ़ी के निजी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में देखने को मिल सकता है। बैंक यूनियनों की इस हड़ताल के दौरान डिजिटल बैंकिंग और अन्य ऑनलाइन सेवाओं के सामान्य रूप से चालू रहने की संभावना है। आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक जैसे निजी बैंकों की शाखाएं इन तीन दिनों के दौरान खुली रहेंगी। सार्वजनिक क्षेत्र के ज्यादातर बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों ने अपने ग्राहकों को हड़ताल और उससे होने वाली संभावित असुविधा के बारे में पहले ही बता दिया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने ग्राहकों को जारी परामर्श में कहा कि बैंक शाखाओं और कार्यालयों में आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने की हर कोशिश की जाएगी, फिर भी हड़ताल के दौरान कुछ सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों के सात संगठनों के शीर्ष निकाय यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। यूनियन नेताओं के अनुसार मुख्य श्रम आयुक्त के साथ हाल में हुई सुलह बैठकों के दौरान सरकार ने पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने पर कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया।

इस बीच, वित्त मंत्रालय ने इस हफ्ते की शुरूआत में बैंक कर्मचारियों से हड़ताल का रास्ता न अपनाने और बातचीत के जरिए बाकी मांगों को सुलझाने की अपील की थी। मंत्रालय ने कहा था कि यूनियनों की ज्यादातर चिंताओं का पहले ही काफी हद तक समाधान किया जा चुका है। मंत्रालय ने यह भी कहा था कि प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को वापस लेने की मांग पर विस्तृत चर्चा के बाद इस महीने की शुरूआत में ही इसे स्थगित कर दिया गया था।

पांच दिवसीय बैंकिंग के अलावा यूनियनें कई अन्य मुद्दों के समाधान की भी मांग कर रही हैं। इनमें पेंशन लाभों को सुधारना, सभी पेंशनभोगियों के लिए एक समान महंगाई भत्ता (डीए) फॉमूर्ला लागू करना और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत आने वाले कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) में लौटने का विकल्प देना भी शामिल है।

# विश्व बंधुत्व व मानवता की सेवा के लिए हो भारत का उदयः दत्तात्रेय होसबोले

**कोलकाता।** राम-शरद कोठारी स्मृति संघ, कोलकाता के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय ग्रंथागार (नेशनल लाइब्रेरी) प्रेक्षागृह में ₹राम-शरद कोठारी प्रतिभा सम्मान - 2026₹ समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित कई गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता अपने विचार रखते हुए आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि भारत का उदय दुनिया पर राज करने के लिए नहीं, बल्कि विश्व बंधुत्व और मानवता की सेवा के लिए होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत विश्व पटल पर एक वैभवशाली और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में उभरे तथा पूरे विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता हासिल करे, इसके लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा,



हम शांति और सौहार्द के लिए जीते हैं। भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक वैभव अक्षुण्ण बना रहे, इसके लिए प्रत्येक नागरिक को संकल्प लेकर काम करना होगा। होसबोले ने देश की सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए युवाओं, विशेषकर 'जेन जी' पीढ़ी की राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का भी आह्वान किया। समारोह के मुख्य अतिथि, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने 1990 के अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में सर्वोच्च बलिदान देने वाले राम और शरद कोठारी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि जिस उम्र में युवा अपने करियर और पारिवारिक जीवन के बारे में सोचते हैं, उस उम्र में कोठारी बंधुओं ने धर्म और राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। युवा पीढ़ी में सनातनी और राष्ट्रवादी चेतना के प्रसार पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न कदमों का उल्लेख किया। राज्य की जनसांख्यिकी और घुसपैठ के मुद्दे पर चिंता जताते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में बंगाल की जनसांख्यिकी में व्यापक बदलाव आया है, जिसे सुधारने के लिए अभी बहुत काम करने की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि बंगाल में अब साधु-संतों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोठारी बंधुओं के नाम पर होगा कोलकाता में सड़क का नामकरण इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कोलकाता में एक सड़क का नामकरण कोठारी बंधुओं के नाम पर करने का आश्वासन दिया और कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में उनके नाम पर सम्मान स्थापित करने पर विचार करने की बात भी कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी और युवा उद्योगपति ललित बेरीवाल ने की।

## जिस सियासी भाषा से भानु रहे चर्चित, उसी पर अब अनंत को दे रहे ज्ञान

# अपने मंत्रित्वकाल की बातें याद कीजिए न भानु जी!

नीलू चौबे

**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर विधानसभा की राजनीति में पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही और वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव के बीच जुबानी जंग लगातार तेज होती जा रही है। ताजा विवाद अनंत प्रताप देव के उस बयान से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने प्रखंड के बीडीओ और सीओ को लेकर कड़े तेवर दिखाए थे। 19 सितंबर को नगर उंटारी में खान एवं खनिज कानून के विरोध में आयोजित धरना कार्यक्रम के दौरान विधायक के बयान पर राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हुई। इसके बाद पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने सोशल मीडिया के माध्यम से अनंत प्रताप देव पर हमला बोला। भानु प्रताप शाही ने अपने वीडियो संदेश में विधायक के बयान को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता ने विधायक को अधिकारियों को पीटने के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था बदलने के लिए चुना है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब सरकार भी अपनी हो और मुख्यमंत्री भी अपनी पार्टी के हों, तब अधिकारियों को धमकाने के बजाय व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। भानु ने आगे कहा कि



यदि विधायक में हिम्मत है तो ट्रांसफर-पोस्टिंग, म्यूटेशन, ऑनलाइन जमीन के काम और ब्लॉक-थाना स्तर पर भ्रष्टाचार को रोकें। उन्होंने हेमंत सरकार पर भी निशाना साधते हुए पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार के दौरान 181 हेल्पलाइन का हवाला दिया और मौजूदा व्यवस्था पर सवाल उठाए। वीडियो में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर भी तीखी टिप्पणी की।

### सवाल राजनीतिक भाषा का भी

अनंत प्रताप देव के बयान पर सवाल उठाना अपनी जगह है, लेकिन भानु प्रताप शाही के राजनीतिक सफर पर नजर डालें तो उनके पुराने भाषण और तेवर भी सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा रहे हैं। राजनीति के शुरूआती दौर में उनका आक्रामक अंदाज उनकी पहचान बना था। वर्ष 2005 में विधायक बनने के बाद वे मधु कोड़ा मंत्रिमंडल में स्वास्थ्य मंत्री भी रहे। उस दौर में सत्ता और प्रशासन को लेकर उनके तेवरों की खूब चर्चा होती थी। उनके विरोधियों का आरोप रहा है कि मंत्री और विधायक रहते हुए उनका अधिकारियों के प्रति व्यवहार कई बार बेहद आक्रामक रहा। हालांकि इन आरोपों को लेकर अलग-अलग राजनीतिक पक्षों के दावे सामने आते रहे हैं और हर आरोप को तथ्य के रूप में स्वीकार करना उचित नहीं होगा। यही वजह है कि आज जब वे दूसरे जनप्रतिनिधि को भाषा और मयार्दा का पाठ पढ़ा रहे हैं, तो उनके अपने पुराने राजनीतिक बयानों और कार्यशैली की चर्चा भी स्वाभाविक रूप से सामने आ रही है।

### सत्ता बदली, तेवर वही रहे

भवनाथपुर की राजनीति में भानु प्रताप शाही और अनंत प्रताप देव के बीच टकराव नया नहीं है। दोनों खेमों के बीच विकास कार्यों, योजनाओं और राजनीतिक प्रभाव को लेकर लंबे समय से बयानबाजी होती रही है। सितंबर में ही भानु प्रताप शाही ने अनंत प्रताप देव पर चुनावी वादों और क्षेत्र के विकास को लेकर सवाल उठाए थे। अब अधिकारियों को लेकर अनंत के बयान ने इस राजनीतिक संघर्ष को एक बार फिर हवा दे दी है। भानु ने इसे विधायक की जिम्मेदारी और सरकार की कार्यप्रणाली से जोड़ दिया है, जबकि अनंत के बयान को लेकर अन्य राजनीतिक नेताओं ने भी आपत्ति जताई है और जनप्रतिनिधियों से संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखने की मांग की है।

### जनता के सामने असली सवाल व्यवस्था का

राजनीतिक बयानबाजी के बीच बड़ा सवाल यही है कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन के बीच संवाद का तरीका क्या हो। विधायक यदि अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज हैं तो उन्हें नियम और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की मांग करनी चाहिए। वहीं विपक्ष में बैठे नेता यदि सरकार की व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं तो उनके आरोपों की भी तथ्यात्मक जांच और ठोस आधार जरूरी है। भवनाथपुर की जनता के लिए असली मुद्दा अधिकारियों को धमकाने या एक-दूसरे को नैतिकता का पाठ पढ़ाने से आगे का है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक जवाबदेही जैसे सवाल आज भी क्षेत्र की राजनीति के केंद्र में हैं। ऐसे में सियासी बयानबाजी जितनी तेज होगी, जनता उतनी ही गंभीरता से यह भी देखेगी कि नेताओं के आरोपों और वादों का जमीन पर कितना असर पड़ता है।

# मन की बात में दिखी लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज की झलक



बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में रविवार को लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज में आयोजित सामूहिक श्रवण कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो प्रसारित होने से सभागार में मौजूद छात्र-छात्राओं, विश्वविद्यालय कर्मियों और भाजपा कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कॉलेज के सभागार में मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। प्रधानमंत्री ने देशहित, जनभागीदारी, सामाजिक सरोकार और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे।

### स्क्रीन पर कॉलेज की तस्वीर आते ही बढ़ा उत्साह

मन की बात के प्रसारण के बीच जब लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम की झलक स्क्रीन पर दिखाई दी तो सभागार का माहौल उत्साह से भर गया। छात्र-छात्राओं और अन्य उपस्थित लोगों ने इसे अपने संस्थान के लिये गौरव का क्षण बताया। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण में शामिल होना पलामू प्रमंडल और झारखंड के लिये भी खास अवसर माना गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी समेत भाजपा के कई कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय कर्मियों, मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं और भाजपा कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका रही। समापन पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताया।

## न्यूज अपडेट्स

### पलामू से लापता तीन नाबालिग बिहार के गोपालगंज से बरामद

**मेदिनीनगर।** पलामू के मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र से तीन नाबालिग बच्चियों के लापता होने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तीनों बच्चियों को बिहार-उत्तरप्रदेश सीमा गोपालगंज से बरामद कर लिया है। बच्चियों के बरामद होने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है। फिलहाल तीनों पुलिस अभिरक्षा में हैं और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें परिजनों के सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है। जिले के पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने रविवार को इसकी पुष्टि की है। मामले को लेकर बच्चियों में से एक की मां ने 24 सितंबर को शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार तीनों बच्चियां 21 सितंबर को घर से निकली थीं और इसके बाद वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को लिखित सूचना दी गई। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) और 96 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच का जिम्मा पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार द्विवेदी को दिया गया। बच्चियों के परिजन ने दूरभाष पर बताया कि पुलिस की सक्रियता के कारण उनकी बच्चियां सकुशल बरामद हो गई हैं। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि 24 सितंबर को शहर थाना को सूचना प्राप्त हुई कि 21 सितंबर को तीन नाबालिग बालिकाएं, जिनमें दो चचेरी बहनें एवं एक उनकी सहपाठी है, बिना बताए घर से कहीं चली गई हैं। इस संबंध में शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई।

## अपराध रांची के अपर बाजार में सिगरेट एजेंसी में चोरी

# 20 लाख रुपये के सिगरेट ले गये चोर

**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित अपर बाजार में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने एक सिगरेट एजेंसी को निशाना बनाते हुए 20 लाख रुपये से अधिक कीमत के सिगरेट के कार्टन और एजेंसी में रखा कैश लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके के कारोबारियों में चिंता का माहौल है। एजेंसी के मालिक विनायक कुमार के अनुसार, चोरों ने एजेंसी में प्रवेश करने के लिए एक-दो नहीं, बल्कि पांच से अधिक ताले तोड़े। इसके बाद वे अंदर दाखिल हुए और वहां रखे सिगरेट के कार्टन को अपने कब्जे में ले लिया। चोरों ने एजेंसी में मौजूद




नकदी पर भी हाथ साफ किया। प्रारंभिक स्टॉक मिलान में चोरी गए सिगरेट की कीमत 20 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। हालांकि, कैश समेत कुल नुकसान का वास्तविक आकलन स्टॉक और नकदी का पूरा मिलान होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पूरी वारदात एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। फुटेज में दो संदिग्ध चोरों की गतिविधियां सामने आई हैं। दोनों ने पहचान छिपाने के लिए चेहरे को कपड़े से ढक रखा था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस को उम्मीद है कि फुटेज के अलावा घटनास्थल से मिले सुरागों के आधार पर आरोपितों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए। इसके अलावा पुलिस आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि चोरों के आने-जाने के रास्ते और संभावित वाहन की जानकारी हासिल की जा सके। अपर बाजार रांची का प्रमुख थोक कारोबारी क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में दुकानें और गोदाम हैं। ऐसे व्यस्त कारोबारी इलाके में लाखों रुपये की चोरी की घटना से व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। कारोबारियों का कहना है कि चोरी की घटनाओं से व्यापारियों के बीच असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की जरूरत है। कोतवाली थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और अन्य तकनीकी जानकारी के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

## मतदाताओं के अधिकार से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस : कमलेश

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस चिंतित है। मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है और इसमें किसी भी प्रकार की मनमानी, अपारदर्शिता अथवा पात्र मतदाताओं के नाम प्रभावित होने की आशंका गंभीर विषय है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सोमवार, 28 सितंबर को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ कांग्रेस लोकतांत्रिक



तरीके से आंदोलन करेगी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिला कांग्रेस अध्यक्षों से बात कर आंदोलन की तैयारियों की समीक्षा की है। कमलेश ने कहा कि निर्वाचन आयोग की संस्थागत जवाबदेही और निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब जनता को स्पष्ट रूप से मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि रांची में निर्वाचन आयोग के कार्यालय के समक्ष घेराव-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम प्रभावित हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय बताया। हालांकि, निर्वाचन आयोग की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार झारखंड में एसआईआर के तहत दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 5 अगस्त से 4 सितंबर तक निर्धारित थी और अंतिम मतदाता सूची 7 अक्टूबर को प्रकाशित की जानी है। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि संविधान लागू होने के बाद नागरिकों को मताधिकार मिला, लेकिन अब इस अधिकार को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा निर्वाचन आयोग के माध्यम से मतदाताओं के नाम काटने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपना रही है और इसका असर एससी, एसटी, ओबीसी तथा अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं पर पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची में किसी पात्र मतदाता का नाम प्रभावित न हो, इसके लिए पारदर्शी प्रक्रिया और स्पष्ट जवाबदेही जरूरी है। निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं के लिए नाम और मतदान संबंधी विवरण की जांच तथा आवश्यक दावे-आपत्तियां दर्ज कराने की ऑनलाइन सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

## रांची रेलवे स्टेशन से अपहृत चार वर्षीय बच्चा साहिबगंज से सकुशल बरामद, पांच आरोपित गिरफ्तार



**रांची।** रांची पुलिस ने रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर से चार वर्षीय बच्चे के अपहरण मामले का खुलासा करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहृत बच्चे को साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 24 सितंबर की सुबह बच्चा रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर था। इसी दौरान उसकी मां के पास नहीं होने का फायदा उठाकर कुछ अज्ञात लोग उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम गठित की। विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान और मानवीय गुप्तचर तंत्र के माध्यम से आरोपितों के संबंध में लगातार जानकारी जुटाई। जांच के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुराग के आधार पर एक आरोपित को धनबाद पुलिस के सहयोग से धनबाद रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया और फिर उससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने साहिबगंज पुलिस के सहयोग से साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ में छापेमारी की। यहां से चार अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया और बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। बच्चे को उसके परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस अब अपहरण के पूरे नेटवर्क और घटना के कारणों की जांच कर रही है। मामले में धनबाद, जामताड़ा और साहिबगंज पुलिस के अलावा संथाल परगना के पुलिस महानिरीक्षक का भी विशेष सहयोग रहा। रांची पुलिस ने अभियान में शामिल सभी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के प्रति आभार जताया है।

## चार दिन की बारिश के बाद रांची में मौसम साफ, 28 सितंबर से हल्की बारिश के आसार



**रांची।** राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न हिस्सों में पिछले चार दिनों से जारी बारिश के बाद रविवार को मौसम साफ हुआ। सुबह धूप निकलने से लोगों को बारिश से राहत मिली। हालांकि, मौसम विभाग ने 28 सितंबर से राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान किसी जिले के लिए अलर्ट जारी नहीं किया गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, एक जून से 27 सितंबर तक रांची जिले में 1,211.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि रांची शहर में इस अवधि में 1,428.5 मिलीमीटर बारिश हुई। पूरे राज्य में इस अवधि के दौरान सामान्य 1,007.8 मिलीमीटर के मुकाबले 1,001.2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। यह सामान्य वर्षापात से करीब एक प्रतिशत कम है। पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे अधिक 45 मिलीमीटर बारिश धनबाद जिले के पुटकी में दर्ज की गई। इस दौरान सरायकेला में राज्य का अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि लातेहार में न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। जमशेदपुर में अधिकतम 29.6 और न्यूनतम 23.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 30.8 और न्यूनतम 22.6 डिग्री तथा बोकारो में अधिकतम 29.1 और न्यूनतम 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चाईबासा में अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री और न्यूनतम 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में राज्य में मौसम सामान्यतः शुष्क रहने के बीच कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

## विकास पाठक बने पर्यावरण संरक्षण के ग्रीन हीरो

# 16 एकड़ जमीन में लगाये 20 हजार पौधे

### 20 हजार से अधिक लगाये इमारती व फलदार पौधे

महेन्द्र गुप्ता

**रमना :** प्रखंड के रोहिला गांव निवासी बीसीए डिग्रीधारी विकास पाठक ने पर्यावरण संरक्षण की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो आज पूरे क्षेत्र के लिये प्रेरणास्रोत बन चुकी है। विकास पाठक ने अपनी 16 एकड़ निजी भूमि पर 20 हजार से अधिक पौधे लगाकर बंजर और खाली



जमीन को हरे-भरे जंगल में तब्दील कर दिया है। परिणाम स्वरूप विकास पाठक इलाके में पर्यावरण संरक्षण के ग्रीन हीरो के नाम से जाने जाते हैं। विकास पाठक के इस ड्रीम प्रोजेक्ट में कीमती इमारती लकड़ियों से लेकर फलदार पौधे शामिल हैं। जिसमें महोगनी के 14 हजार पौधे, सफेद रक्त चंदन के 2 हजार पौधे, सागवान के 2 हजार पौधे, शीशम के 2 हजार पौधे इसके अलावा बड़े पैमाने पर आम, अमरूद और अन्य फलदार वृक्ष भी लगाये गये हैं। अपने इस अनूठे प्रयास के बारे में बताते हुये विकास पाठक ने कहा कोरोना महामारी के दौरान जब चारों तरफ जन-जीवन अस्त-व्यस्त था और अस्पतालों में ऑक्सीजन की भारी किल्लत के कारण लोग अपनी जान गंवा रहे थे, तब इस त्रासदी ने मुझे गहराई से झकझोर दिया। उसी समय मेरे मन में विचार आया कि समाज और पर्यावरण के लिये कुछ स्थायी और सकारात्मक कदम उठाना चाहिये। उसी दिन मैंने पौधे लगाने का संकल्प लिया और आज इसका सुखद परिणाम सामने है। पेशे से उच्च शिक्षित (बीसीए उत्तीर्ण) होने के बावजूद विकास पाठक ने प्रकृति और समाज सेवा का यह रास्ता चुना। आज उनके द्वारा रोपे गये पौधे लहलहा रहे हैं, जिससे न केवल स्थानीय पर्यावरण शुद्ध हो रहा है, बल्कि भू-जल स्तर सुधारने में भी मदद मिल रही है। विकास पाठक की यह पहल साबित करती है कि अगर इच्छाशक्ति हो तो एक व्यक्ति भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है।

# भाजपाईयों ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के हिंदुत्व को ले दिये गये बयान पर जताया एतराज, फूंका पुतला



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** भाजपा नेताओं ने प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के द्वारा हिंदुत्व को लेकर दिये गये बयान पर कड़ा एतराज जताया है। नेताओं ने वित्तमंत्री का शवयात्रा निकालकर पुतला फूंका तथा जमकर नारेबाजी की। उस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा ने कहा कि हेमंत सरकार के वित्त मंत्री विकास नहीं झारखंड का विनाश करने में लगे हुये हैं। मंत्री के बयान से झामुमो कांग्रेस का हिन्दू विरोधी चेहरा उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री हिन्दुओं को बांटने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जनता उनकी मंशा समझ चुकी है। वे हेमंत सरकार के सबसे नकारा मंत्री साबित हुये हैं। आने वाले समय के विधानसभा चुनाव में यही हिन्दू समाज उन्हें सत्ता से बेदखल करेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि वित्त मंत्री राधाकृष्णन किशोर का मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है। भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर चुनाव जीते और 2014 से 2019 तक रघुवर दास सरकार में सत्ता भोग कर आज भाजपा का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री भ्रम में नहीं रहे आने वाले समय में जनता सत्ता से उतारने का काम करेगी। कार्यक्रम का नेतृत्व धनंजय गौड़ ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी, कैलाश कश्यप, मनोज जायसवाल, जितेन्द्र चंद्रवंशी, जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे, मनीष गुप्ता, इंद्रेश पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि डॉ लाल मोहन, टिंकू गुप्ता, उमेश कश्यप, अभिषेक कश्यप, विशाल गुप्ता, राजेश यादव, राजु गौड़, दिनेश कुशवाहा, मदन यादव सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज अडेट्स

### शराब तस्करी में सरेंडर, छोटू सिंह हत्याकांड में पूछताछ की तैयारी

**हुसैनाबाद :** बिहार के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र में शराब तस्करी मामले में फरार दो नामजद आरोपितों मनीष यादव और सीटू सिंह ने पुलिस की दबिश के बाद औरंगाबाद उत्पाद न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। मनीष हुसैनाबाद के लोटनिया गांव का निवासी है, जबकि सीटू सिंह भोजपुर के पीरो का रहने वाला है और वर्तमान में जपला के सिद्धनाथ नगर में रह रहा था। दोनों के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। दोनों का नाम 2 सितंबर 2026 को पुरंदर बिगहा में ओम प्रकाश सिंह उर्फ छोटू सिंह की हत्या के मामले में भी नामजद आरोपित के रूप में सामने आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हुसैनाबाद पुलिस दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है।

### स्कूली छात्र का अपहरण कर गोली मारने का आरोप, रांची ले जाते समय मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के परसही गांव निवासी 16 वर्षीय स्कूली छात्र विकास पासवान की हत्या रविवार को हो गई। परिजनों के अनुसार, छात्र को लातेहार शहर के मिशन चौक के समीप से दो युवकों ने अगवा कर लिया था। आरोप है कि दोनों उसे पतकी जंगल की ओर ले गए, जहां उसके साथ मारपीट की गई और गोली मार दी गई। गंभीर हालत में छात्र को सड़क किनारे छोड़कर आरोपित फरार हो गए। बाद में राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर रांची जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अपराध बंद घरों की दिन में रेकी, रात में चोरी

# अंतरजिला चोरी गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार

### सोना-चांदी के आभूषण व औजार बरामद

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर।** एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर पलामू पुलिस ने अंतरजिला गृहभेदन एवं चोरी गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 45 ग्राम सोना, माला व लॉकेट समेत लगभग 80 ग्राम सोना जैसा आभूषण तथा करीब 7.8 किलोग्राम चांदी जैसे आभूषण बरामद किए हैं। चोरी में प्रयुक्त दरवाजा खिड़की तोड़ने के औजार भी जब्त किए गए हैं। एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और मामलों के त्वरित उद्भेदन को लेकर पुलिस लगातार तकनीकी अनुसंधान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि अंतरजिला स्तर पर सक्रिय ऐसे गिरोहों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। 28 अगस्त को सदुना, गायत्री मंदिर रोड निवासी प्रेमजीत कुमार सिंह के आवेदन पर शहर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद सदर एसडीपीओ राजेश यादव के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल गठित किया गया। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी शाखा और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस रायरंगपुर, मयूरभंज (ओडिशा) पहुंची और तीन संदिग्धों को पूछताछ के लिए लाई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने पलामू व गढ़वा के विभिन्न क्षेत्रों में दिन में बंद घरों की रेकी और रात में चोरी करने की जानकारी दी। चोरी के आभूषण डेहरी के डालमियानगर स्थित प्रमोद ज्वेलर्स में बेचने की बात सामने आने के बाद पुलिस ने वहां से प्रमोद सोनी और अन्य लोगों से पूछताछ की। गिरफ्तार आरोपियों में लक्ष्मण मोदी उर्फ लक्ष्मण खेरवार, प्रमोद सोनी, अरविन्द खेरवार, राजू कुमार और राज कुमार शामिल हैं। छापामारी दल में राजेश यादव, मृत्युंजय गोप, ज्योतिलाल रजवार, रितेश लकड़ा, बालकृष्णा, संतोष कुमार गुप्ता, सुबोध कुमार समेत शहर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## 10 लाख रुपये सुपारी देकर पति की करायी हत्या

### पंकज उरांव की हत्या में पत्नी, ससुर समेत सात गिरफ्तार



**मेदिनीनगर :** पुलिस ने लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के एकता जंगल से बरामद अज्ञात शव के मामले का खुलासा कर दिया है। एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर पुलिस टीम ने अनुसंधान करते हुए मृतक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के बंजारी निवासी पंकज उरांव के रूप में की और मामले में पत्नी अनिमा कुमारी समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार हत्या के पीछे घरेलू विवाद और 10 लाख रुपये की कथित सुपारी का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक 23 सितंबर की सुबह एकता जंगल में अज्ञात शव मिलने की सूचना पर लेस्लीगंज पुलिस मौके पर पहुंची थी। बाद में पाटन थाना क्षेत्र के बंजारी निवासी बिरजू उरांव द्वारा अपने पुत्र पंकज की गुमशुदगी दर्ज कराए जाने की जानकारी मिली। बिरजू उरांव ने शव की पहचान अपने पुत्र के रूप में की। काजल कुमारी बनकर किया फोन और फिर जंगल में बुलाया। पुलिस के अनुसार, पंकज और उसकी पत्नी अनिमा कुमारी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस का दावा है कि इसी विवाद के बाद अनिमा और उसके पिता ने पंकज की हत्या की साजिश रची और तेतरी देवी व उसके पति पिंटू कुमार दास से 10 लाख रुपये में हत्या कराने की बात तय की। पुलिस के अनुसार, रकम का ऑनलाइन लेन-देन हुआ और तेतरी देवी के खाते में करीब आठ लाख रुपये मिले। पुलिस के मुताबिक, तेतरी देवी और पिंटू ने कथित तौर पर रिंकी देवी और उसके पति जितेंद्र उरांव को भी साजिश में शामिल किया। रिंकी देवी ने काजल कुमारी बनकर पंकज से फोन पर संपर्क किया और उसे सतबरवा बुलाया। बाद में उसे जंगल की ओर ले जाया गया, जहां अन्य आरोपी भी पहुंचे। पुलिस का आरोप है कि जंगल में दुपट्टे से गला घोंटकर पंकज की हत्या की गई और शव को एकता जंगल में फेंक दिया गया। जांच में अनिमा के पिता को जमीन बिक्री से करीब 50 लाख रुपये मिलने की बात भी सामने आने का पुलिस ने दावा किया है। मामले में अनिमा कुमारी, पिंटू कुमार दास, तेतरी देवी, जितेंद्र उरांव, रिंकी देवी, रामजनम उरांव और दिलेश्वर सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

### वार्षिकोत्सव को लेकर विहंगम योग संत समाज की बैठक, हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने का निर्णय

**मेदिनीनगर :** विहंगम योग संत समाज की पलामू जिलास्तरीय बैठक रविवार को गोविंद भवन में जिला प्रधान संयोजक भानू प्रताप देव की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि संस्थान के झारखंड परामर्शक सुरेंद्र सिंह एवं प्रदेश महामंत्री ललित कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। सदगुरु देव के चित्र पर माल्यार्पण के बाद आश्रम से जुड़े सेवा कार्यों की समीक्षा की गई और सेवा प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में वाराणसी के उमराहा स्थित स्वर्वेद महामंदिर परिसर में 14 व 15 दिसंबर को आयोजित विहंगम योग संस्थान के 103वें वार्षिकोत्सव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बताया गया कि वार्षिकोत्सव के अवसर पर समर्पण दीप महोत्सव तथा 25 हजार कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन होगा। सत्संग समारोह में द्वितीय परंपरा सदगुरु आचार्य स्वतंत्र देव जी महाराज की अमृतवाणी और संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज की दिव्यवाणी होगी। बैठक में पलामू के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों भक्तों और श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। झारखंड परामर्शक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सदगुरु सेवा से ही सदगुरु प्रसन्न होते हैं और उनकी प्रसन्नता में शिष्य का कल्याण निहित है। प्रदेश महामंत्री ललित सिंह ने सेवा प्रभारियों का उत्साहवर्धन किया। बैठक में नंदलाल पासवान, गिरिजा सिंह, बनारसी यादव, डॉ. रामरेस यादव, रामगोविंद यादव सहित कई सेवा प्रभारी मौजूद थे।

### बंद कस्तूरबा विद्यालय खोलने को लेकर आईसा का प्रदर्शन




**डंडा :** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईसा) के शिक्षा-परीक्षा ठीक करो, स्कूल-कॉलेज ठीक करो अभियान के तहत प्रखंड कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने पिछले दस वर्षों से बंद पड़े कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय को तत्काल चालू कराने तथा प्रखंड में इंटर और डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान आईसा के राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है। उनके अनुसार इसका सबसे अधिक असर गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग के बच्चों पर पड़ रहा है। उन्होंने शिक्षा के अधिकार को मजबूत करने के लिये सरकार से ठोस पहल करने की मांग की। आईसा के राज्य उपाध्यक्ष रंजीत सिंह चेरो ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये। राज्य सह सचिव संजना मेहता ने मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी गौतम ने किया। मौके पर कुंदन मेहता, रंजीत मेहता, पवन रवि, सूरज सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एक सप्ताह के अंदर सड़क जाम की समस्या दूर कर ली जायेगी : थाना प्रभारी



**कांडी :** थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने रविवार को थाना परिसर में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द, पुलिस-पब्लिक समन्वय तथा आम लोगों से जुड़ी स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान मुख्य बाजार में सड़क जाम, अतिक्रमण, खुले में मांस बिक्री, अवैध शराब की बिक्री, जुआ सहित कई मुद्दे प्रमुखता से उठाये गये। थाना प्रभारी ने कहा कि बाजार की व्यवस्था में सुधार के लिये पुलिस स्तर से आवश्यक कदम उठाये जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ी तो बाजार में व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस की ड्यूटी लगाई जायेगी और नियमित निगरानी कराई जायेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं आम लोगों से पुलिस को सहयोग करने की अपील की। बैठक के पूर्व जनप्रतिनिधियों ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, भाजपा नेता शशि रंजन दुबे, रामलला दुबे, मुखिया ललित बैठा, जिप प्रतिनिधि दिनेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि आतिश सिंह, अजीज अंसारी, जगदीश यादव, मुखिया विजय राम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

# नशा मुक्ति को लेकर युवाओं को किया जागरूक

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** मेरा युवा भारत गढ़वा की ओर से जिला स्वास्थ्य विभाग, जिला एनटीसीपी और एनसीडी सेल के सहयोग से सदर अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हॉल में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं का हेल्थ चेकअप करने के बाद सही पोषण, स्वस्थ जीवनशैली और नशे के दुष्प्रभावों को लेकर विस्तार से जागरूक किया गया। मौके पर जिला कुष्ठ रोग परामर्शी डॉ भारत भूषण ने युवाओं को पोषण और सही जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार और स्वस्थ दिनचर्या अपनाकर गैर संचारी बीमारियों से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित व्यायाम और पौष्टिक भोजन को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। वहीं जिला नोडल राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम सह गैर संचारी बीमारियां कोष्ठ (एनसीडी सेल) के कुमार संजीव शरण ने नशे और उसके दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुये युवाओं को नशे से दूर रहने के लिये प्रेरित किया। एनटीसीपी सेल के सलाहकार नीरज कुमार ने बताया कि तंबाकू और शराब की अवैध बिक्री की सूचना जिला प्रशासन तक किस प्रकार पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने नशा मुक्त समाज बनाने में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला युवा अधिकारी पामीर सिंह ने किया। मौके पर एनसीडी सेल के सलाहकार राजकुमार वर्मा, माय भारत से रमेश कुमार, जिला टीबी सेल के कर्मी मौजूद थे।

# वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के बयान पर भाजपा का आक्रोश, फूंका पुतला



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की भाजपा को लेकर की गई कथित जातिगत एवं धर्म संबंधी टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को जिले के विभिन्न मंडलों में पुतला दहन कर विरोध जताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन जाति और धर्म के आधार पर किसी दल या उसके कार्यकर्ताओं को निशाना बनाना सामाजिक समरसता के हित में नहीं है। भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कि वित्त मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति से राज्य के विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली जैसे जनहित के मुद्दों पर जवाब देने की अपेक्षा रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन मुद्दों पर जवाब देने के बजाय भाजपा को लेकर टिप्पणी कर राजनीतिक स्टंट किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों और जनसमस्याओं को लेकर सवालों के घेरे में है। उनके अनुसार, इन मुद्दों का जवाब देने के बजाय जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की बयानबाजी की जा रही है। प्रेम सिंह ने वित्त मंत्री से अपने बयान को स्पष्ट करने की मांग की। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने भी मंत्री के बयान पर आपत्ति जताते हुए सरकार पर विकास के मुद्दों की अनदेखी का आरोप लगाया। वहीं प्रभात कुमार ने कहा कि राजनीतिक विरोध लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन जातिगत टिप्पणी सामाजिक समरसता के लिए उचित नहीं है। पुतला दहन कार्यक्रम में नरेंद्र पाण्डेय, विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा, विजय ठाकुर, अजय सिंह, रूपा सिंह, डा विपुल गुप्ता, जितेंद्र तिवारी, आशीष भारद्वाज, मनोज विश्वकर्मा, प्रियरंजन शर्मा, श्रवण गुप्ता, सुनील पाण्डेय, शुभम गुप्ता, श्वेतांक गर्ग, राकेश पाण्डेय, मंजू देवी, शोभा शर्मा, शोभा चंद्रवंशी, उपासना सिंह, चंद्रकांत, प्रधान कुमार, प्रफुल तिवारी, रूप सिंह, मंजू गुप्ता, शोभा देवी, मनी मोदनवाल, शिव कुमार मिश्रा, कुणाल किशोर, अभिमन्यु पाण्डेय, लाला यादव, संजय कुमार, शशि शेखर, राजकुमार गुप्ता, मंगल पासवान, सुजीत मिश्रा, कुणाल कुमार, रंजीत कुमार और आनंद गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### मवि बैलिया में एसएमसी के अध्यक्ष के अनुमोदन पर विवाद

**सगमा :** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैलिया के स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के अनुमोदन को लेकर विवाद सामने आया है। समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्याम लाल उरांव ने बीपीओ तहमीना प्रवीण पर अनुमोदन के बदले दस हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर उन्होंने वरीय पदाधिकारियों को आवेदन देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। श्याम लाल उरांव के अनुसार बीते 21 सितंबर को विद्यालय में स्कूल प्रबंधन समिति का चुनाव कराया गया था, जिसमें उन्हें अध्यक्ष के रूप में चुना गया। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने में देरी होने के कारण संबंधित कागजात बीआरसी कार्यालय तक नहीं पहुंच सका। इसके बाद कर्मा पूजा की छुट्टी होने के कारण अगले दिन भी कागजात जमा नहीं हो सके। आवेदक का आरोप है कि छुट्टी समाप्त होने के बाद 24 सितंबर को उन्होंने बीपीओ से समिति के चुनाव का अनुमोदन करने का आग्रह किया। इस दौरान कथित रूप से अनुमोदन के बदले दस हजार रुपये देने की मांग की गई। श्याम लाल उरांव ने रुपये देने से इनकार कर दिया। इसके बाद उनके अनुसार बिना पूर्व चुनाव के अनुमोदन के 30 सितंबर को दोबारा चुनाव की तिथि निर्धारित कर दी गई। इस मामले में श्याम लाल उरांव ने वरीय अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर पूरे प्रकरण की जांच कराने तथा दोषी पाये जाने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। मामले की सच्चाई जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। उधर इस संबंध में पूछे जाने पर बीपीओ तहमीना प्रवीण ने लगे आरोपों से इनकार करते हुये कहा कि वह आरोप लगाने वाले व्यक्ति को जानती तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन पर लगाये गये आरोप निराधार हैं।

## बैंकों-ज्वेलरी दुकानों का सुरक्षा ऑडिट, दिया निर्देश

# सीसीटीवी व अलार्म दुरुस्त रखें

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर सभी थाना एवं ओपी क्षेत्रों में बैंकों और आभूषण प्रतिष्ठानों का गहन सुरक्षा निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने बैंक और आभूषण दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, रिकॉर्डिंग और बैकअप व्यवस्था की जांच की गई। इसके अलावा आपातकालीन अलार्म सिस्टम तथा सुरक्षा गार्डों की तैनाती और उनकी सतर्कता की भी समीक्षा की गई। पुलिस पदाधिकारियों ने संचालकों को निर्देश दिया कि सभी सीसीटीवी कैमरों के एंगल उपयुक्त रखे जाएं, ताकि परिसर के महत्वपूर्ण हिस्सों पर लगातार निगरानी बनी रहे। कैमरों की रिकॉर्डिंग निरंतर और सुरक्षित रखने के साथ-साथ उसका बैकअप भी दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। पुलिस ने आपातकालीन अलार्म सिस्टम को हमेशा सक्रिय और कार्यशील रखने पर विशेष जोर दिया। बैंक प्रबंधकों और आभूषण व्यवसायियों को प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या परिस्थिति की जानकारी मिलने पर तत्काल नजदीकी थाना या ओपी को इसकी सूचना दें। पुलिस ने व्यवसायियों को सुरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। गढ़वा पुलिस के अनुसार जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ नागरिकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये लगातार निगरानी और सतर्कता बरती जा रही है।

## समाजसेवी अमरेंद्र कुमार को कोरोना वॉरियर सम्मान



**रंका :** गढ़वा के बंधन मैरेज हॉल में रंका अनुमंडल मुख्यालय निवासी समाजसेवी सह पीएलवी अमरेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। कोरोना संक्रमण महामारी के दौरान किये गये सराहनीय कार्यों के साथ वर्तमान में विभिन्न सामाजिक कार्यों एवं जागरूकता अभियानों में लगातार योगदान देने के लिये उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। गढ़वा जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ पातंजलि केशरी तथा यू-ट्यूबर राजा राम ने अमरेंद्र कुमार को सम्मानित किया। मौके पर डॉ पातंजलि केशरी ने कहा कि समाज के लिये निःस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले लोग विरले होते हैं। अमरेंद्र कुमार ऐसे ही लोगों में शामिल हैं, जो जरूरतमंदों की सहायता के लिये हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि अमरेंद्र कुमार गढ़वा जिले की शान हैं और उन्हें सम्मानित करते हुये गर्व महसूस हो रहा है। वहीं राजा राम ने कहा कि उन्होंने अमरेंद्र कुमार के बारे में काफी सुना था, लेकिन उनसे मुलाकात के बाद उनके सामाजिक कार्यों को करीब से जानने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि अमरेंद्र कुमार की ऊर्जावान और प्रेरणादायक कार्यशैली से वह काफी प्रभावित हुये हैं। उनकी सेवा भावना को देखकर स्वयं भी सामाजिक कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा मिली है। सम्मान समारोह में अमरेंद्र कुमार ने सम्मान के लिये डॉ पातंजलि केशरी एवं राजा राम के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि समाजहित में सेवा करना उनके लिये सम्मान नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है और आगे भी वे इसी भावना के साथ कार्य करते रहेंगे।

## अन्नपूर्णा मंदिर में दशमी को भंडारा, तैयारी बैठक



**गढ़वा :** शहर के गल्ला पट्टी स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर में इस वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर मंदिर समिति की बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूजा की तैयारियों और श्रद्धालुओं के लिये प्रसाद वितरण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में तय किया गया कि नवरात्र के एकम से अष्टमी तक मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा। नवमी के दिन श्रद्धालुओं के लिये महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी। वहीं दशमी के दिन मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। भंडारा सुबह आठ बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। बैठक के दौरान मंदिर समिति का नये सिरे से गठन भी किया गया। इसमें सुरेंद्र प्रसाद कश्यप को लगातार चौथी बार समिति का अध्यक्ष चुना गया। विजय मद्धेशिया को उपाध्यक्ष, अजय कश्यप को कोषाध्यक्ष और दिनेश केशरी को सचिव बनाया गया। वहीं सरजू प्रसाद केशरी, प्रेमचंद कश्यप, सुनील गुप्ता और भीम प्रसाद को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में महेंद्र केसरी, अरुण केसरी, राकेश केसरी, मनीष केसरी, महेंद्र केसरी, जितेंद्र केसरी, प्रताप केसरी, दीपक केसरी, ज्ञान केसरी, हिमेश केसरी, मदन कांस्यकार, दीपक कुमार, राजू प्रसाद, राजेश कश्यप, प्रमोद केसरी, गोपाल प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आरके पब्लिक स्कूल में परिणाम वितरण, बच्चों की उपलब्धि पर खुशी



**गढ़वा :** आरके पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग (नर्सरी से कक्षा पांच तक) में परिणाम वितरण समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों के परीक्षा परिणाम और उपलब्धियों को देखकर अभिभावकों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। विद्यालय परिसर में पूरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा। समारोह में विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम प्रदान कर उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिये प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय परिवार ने बच्चों को नियमित मेहनत, अनुशासन और सीखने की जिज्ञासा बनाये रखने के लिये प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुये कहा कि परिणाम केवल अंकों का प्रतिबिंब नहीं, बल्कि बच्चों की मेहनत और सीखने की प्रक्रिया का एक पड़ाव है। प्रत्येक बच्चा अपनी अलग प्रतिभा और क्षमता के साथ विशेष होता है। इसलिये बच्चों पर केवल अच्छे अंक लाने का दबाव डालने के बजाय उनमें ज्ञान, आत्मविश्वास, संस्कार, अनुशासन और रचनात्मक सोच विकसित करने पर ध्यान देना चाहिये। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ सकारात्मक एवं सहयोगात्मक व्यवहार करने तथा उनकी रुचि और प्रतिभा को समझकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम में बच्चों व अभिभावकों में खासा उत्साह रहा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राष्ट्रीय नाई महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीके ठाकुर पहुंचे भवनाथपुर, कर्पूरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

# नाई समाज को एकजुट होने का आह्वान

बंशीधर न्यूज




**भवनाथपुर :** राष्ट्रीय नाई महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीके ठाकुर एवं उनकी पत्नी नारी शक्ति डॉ उर्मिला शर्मा के भवनाथपुर पहुंचने पर कपूरी चौक में समाज के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जिपस सह राष्ट्रीय सचिव रंजनी शर्मा के नेतृत्व में दोनों का पुष्पमाला एवं बुके देकर सम्मान किया गया। स्वागत समारोह के बाद डॉ सीके ठाकुर और डॉ उर्मिला शर्मा ने कपूरी चौक स्थित भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान जननायक कपूरी ठाकुर अमर रहें, डॉ सीके ठाकुर जिंदाबाद और डॉ उर्मिला शर्मा जिंदाबाद के नारे लगाये गये। मौके पर डॉ सीके ठाकुर ने कहा कि नाई समाज आज भी अपने हक और अधिकार से वंचित है। उन्होंने आरक्षण, शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर सरकार से समाज के हित में ठोस पहल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय का जो सपना देखा था, वह अभी पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट और संगठित रहने की अपील करते हुये कहा कि इसी उद्देश्य से वे पूरे झारखंड का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता से ही अपने अधिकारों के लिये मजबूती से आवाज उठाई जा सकती है। मौके पर झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर, पंसस संघ अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर, समाजसेवी राजमोहन ठाकुर, उपाध्यक्ष बुधन ठाकुर, सचिव धनंजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुनील ठाकुर, युवा समाजसेवी शशि भूषण ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, दिनेश ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



## बेटियों की सुरक्षा पर कृति सेनन ने उठाई आवाज, बेटी दिवस पर दिया खास संदेश

**मुंबई।** बेटी दिवस के मौके पर अभिनेत्री कृति सेनन ने सोशल मीडिया के जरिए महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अहम सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बेटी दिवस मनाने के साथ-साथ समाज को यह भी सोचना चाहिए कि आज कितनी युवा महिलाओं को सार्वजनिक जगहों पर अपनी सुरक्षा को लेकर लगातार सतर्क रहना पड़ता है। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में कृति ने रोजमर्रा की उन परिस्थितियों का जिक्र किया, जिनसे कई लड़कियां गुजरती हैं। कृति ने बताया कि लाइव लोकेशन शेयर करना, साथ में पेपर स्प्रे रखना, अकेले पैदल जाने के बजाय कैब लेना या सुरक्षित महसूस करने के लिए किसी को फोन करना आज कई महिलाओं की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने सवाल किया कि अगर कोई बेटी फोन करके बताए कि कुछ लोग उसका पीछा कर रहे हैं या वह अकेले घर लौटते समय बार-बार पीछे मुड़कर देख रही है, तो उसके परिवार को कैसा महसूस होगा। अभिनेत्री ने कहा कि बेटी दिवस का वास्तविक अर्थ तभी होगा, जब महिलाएं बिना डर के सार्वजनिक स्थानों पर अपनी जिंदगी जी सकें। कृति ने अपने संदेश में ऐसे समाज की जरूरत पर जोर दिया, जहां कोई महिला रात में अकेले घर लौट सके, अंधेरे के बाद पार्क में बैठ सके, अपनी पसंद के कपड़े पहन सके और बिना किसी डर के सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल कर सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह दिन आए जब बेटियों को सुरक्षित पहुंचने के बाद बार-बार अपनी लोकेशन बताने वाले संदेश न भेजने पड़ें। कृति की इस पोस्ट ने महिलाओं की सुरक्षा और समाज की जिम्मेदारी को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा छेड़ दी है।

## 'रामायण' से यश का पहला ऑफिशियल पोस्टर जारी



मुंबई। नमित मल्होत्रा की निमार्णाधीन और नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'रामायण' को लेकर दर्शकों की उत्सुकता लगातार बढ़ रही है। इसी बीच मेकर्स ने रॉकिंग स्टार यश का रावण के रूप में पहला आधिकारिक पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में यश बेहद भव्य और प्रभावशाली अंदाज में नजर आ रहे हैं। रत्नों से सजे सुनहरे मुकुट, मोतियों की कई परतों वाली मालाएं और भारी सोने के आभूषण उनके शाही व्यक्तित्व को उभार रहे हैं। उनकी तीखी नजरें और दमदार व्यक्तित्व रावण के प्रभावशाली रूप की झलक पेश करते हैं। ट्रेलर के बाद से ही यश का रावण अवतार फिल्म के सबसे चर्चित पहलुओं में शामिल रहा है। नए पोस्टर में अभिनेता के लुक के साथ फिल्म के विशाल पैमाने की भी झलक दिखाई देती है। 'रामायण' में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में महाकाव्य के प्रमुख किरदारों और उनकी भावनात्मक यात्रा को बड़े सिनेमाई स्तर पर पेश करने की तैयारी है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही यह दो भागों वाली फिल्म नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज, डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के सहयोग से तैयार की जा रही है। फिल्म को दुनियाभर में आईमैक्स फॉर्मेट में रिलीज किया जाएगा और इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ तथा मलयालम भाषाओं में दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा। 'रामायणः पार्ट 1' दिवाली 2026 और 'रामायणः पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## नेपाल के कालीगंडकी नदी में भीषण बाढ़, पर्वत के जलजला में करीब दो दर्जन घर बहे



### आरके पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी में अलखनाथ पांडेय ने कहा

# आधुनिक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास का सबसे सशक्त माध्यम

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम भी किया गया घोषित

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में रविवार को अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय, प्रधानाचार्य राजेश पांडेय एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। तत्पश्चात अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। गोष्ठी में निदेशक अलखनाथ पांडेय ने शिक्षा के क्षेत्र में आ रहे नये बदलावों और आधुनिक दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में शिक्षा केवल किताबों और अच्छे अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यालय द्वारा अपनाई जा रही नई शिक्षण तकनीकों, नैतिक मूल्यों के विकास और बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिये किये जा रहे विद्यालय के निरंतर प्रयासों से अभिभावकों को अवगत कराया। शिक्षक राहुल कुमार सोनी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुये कहा कि एक बच्चे की पूर्ण सफलता के पीछे शिक्षक और माता-पिता के बीच बेहतर संवाद और तालमेल का होना अत्यंत आवश्यक है। यह गोष्ठी केवल परीक्षा के अंक देखने का मंच नहीं है, बल्कि यह बच्चों की खूबियों को पहचानने और उन क्षेत्रों पर मिलकर कार्य करने का अवसर है जहां उन्हें और अधिक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के परीक्षा प्रभारी राहुल कुमार सोनी व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य राजेश पांडेय ने किया। उस मौके पर विद्यालय के शिक्षक श्रीसंत पाण्डेय, रविकांत चौबे, संजय यादव, अखिलेश पाण्डेय, कार्तिक कुमार, प्रीति सोनी, प्रीति देवी, कुमकुम सोनी, प्रतिभा कुमारी, लक्की गुप्ता, रेणु कुमारी, सुफीया शाहिद, मुस्कान गुप्ता, हसन अली समेत बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम

- एलकेजी व नर्सरी : रितिक सिंह (प्रथम, 79.5%), आध्या कुमारी (द्वितीय, 78%), तृषा कुमारी (तृतीय, 77.5%)
- यूकेजी : हीबा आफरीन (प्रथम, 96.6%), आन्या कुमारी (द्वितीय, 93.6%), शीनू पासवान (तृतीय, 92.4%)
- कक्षा एक : उन्नति कुमारी (प्रथम, 93.6%), तन्वी सिंह (द्वितीय, 92%), सुमन कुमारी (तृतीय, 92%)
- कक्षा दो : सिम्पी गुप्ता (प्रथम, 92.4%), रघुनंदन पांडेय (द्वितीय, 91.2%), संजना कुमारी (तृतीय, 89.6%)
- कक्षा तीन : निहारिका कुमारी (प्रथम, 74.5%), दिव्यांशी राज (द्वितीय, 73.3%), प्रियांशी राज (तृतीय, 73.1%)
- कक्षा चार : पावस कुमार (प्रथम, 90.83%), सौम्या कुमारी (द्वितीय, 86.33%), अनन्या कुमारी (तृतीय, 74.16%)
- कक्षा पांच : प्राची तिवारी (प्रथम, 91%), आराध्या कुमारी (द्वितीय, 83%), अविचल तिवारी (तृतीय, 82%)
- कक्षा छह : पार्थ कुमार (प्रथम, 93.16%), आदर्श कुमार (द्वितीय, 89.33%), पीहू गुप्ता (तृतीय, 84.66%)
- कक्षा सात : अनिका प्रिया (प्रथम, 91.70%), पलक सिंह (द्वितीय, 90.50%), रौशनकांत कुमार (तृतीय, 86.30%)
- कक्षा आठ : आरुषि सिंह (प्रथम, 80.66%), तन्वी गुप्ता (द्वितीय, 80%), अमन कुमार गुप्ता (तृतीय, 70.5%)
- कक्षा नौ : अंश कुमार (प्रथम, 85.30%), अनुष्का राज (द्वितीय, 72.60%), मयंक कु. गुप्ता (तृतीय, 69.80%)
- कक्षा दस : सलोनी कुमारी (प्रथम, 80.16%), वर्तिका (द्वितीय, 79.16%), सत्यम कु रजवार (तृतीय, 72.00%)

## चेंबर चुनाव : नामांकन पत्रों की बिक्री के अंतिम दिन शंभूनाथ सौदागर समेत कई व्यवसायियों ने खरीदा नामांकन पत्र






**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर चेंबर के चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की बिक्री के अंतिम दिन कुल 22 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। नामांकन पत्रों की बिक्री के दूसरे व अंतिम दिन चेंबर के कार्यकारी अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर समेत श्री बंशीधर नगर के कई नामचीन व्यवसायियों ने चेंबर कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र खरीदा। 28 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल किया जायेगा। नामांकन पत्र खरीदने वालों में चेंबर के कार्यकारी अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर एवं उनके टीम के गोपाल जायसवाल, विकास कुमार शालू, उमेश चाहत, राजीव कुमार उर्फ राजू सेठ, प्रेम सोनी, विकास जायसवाल, चंद्र प्रकाश, राहुल जायसवाल उर्फ मिक्की, विनोद कांस्यकार एवं वार्ड पार्षद रंजन कुमार छोटू के नाम शामिल हैं। वहीं श्री बंशीधर नगर चेंबर टीम की ओर से शहर के प्रमुख व्यवसायी रवि प्रकाश, अशोक जायसवाल, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, राकेश विश्वकर्मा, वीरेंद्र कुमार अग्रहरि, रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, मनोज कुमार उर्फ मंटू, अभय कुमार उर्फ मिंटू, नीरज जायसवाल, अभिषेक कुमार उर्फ मिक्कू एवं आनंद कुमार के नाम शामिल हैं। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी उदय जायसवाल ने बताया कि नामांकन पत्रों की बिक्री के दूसरे दिन 22 नामांकन पत्र की बिक्री हुई है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों के बिक्री के पहले दिन एक एवं दूसरे दिन 22 कुल 23 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। श्री जायसवाल ने बताया कि 28 सितंबर को शाम 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रत्याशियों का नामांकन होगा। 29 सितंबर को नाम वापसी होगी। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच एवं प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जायेगा। उस मौके पर चुनाव पदाधिकारी डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, शमीम खान, संजय कांस्यकार एवं ओमप्रकाश चौबे आदि मौजूद थे।

## कुएं से युवती का शव बरामद, आत्महत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस



**रेहला :** रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा गांव स्थित एक कुएं से करीब 22 वर्षीय युवती का शव बरामद किया गया है। मृतका की पहचान कृष्णा प्रजापति की 22 वर्षीय पुत्री अंशिका कुमारी के रूप में हुई है। रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि मृतका द्वारा पूर्व में भी आत्महत्या का प्रयास किये जाने की जानकारी मिली है। परिजनों के अनुसार उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह पहले भी इस तरह की हरकत कर चुकी थी। इस कारण परिजन काफी परेशान रहते थे। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीनगर स्थित मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है।

### विधायक सत्येंद्रनाथ ने बाना में ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, कहा

# पूर्व मंत्री मिथिलेश खा गये नल जल का पैसा, अधूरी रह गयी मोदी की महत्वाकांक्षी योजना

### 14 लोगों ने थामा भाजपा का दामन

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** प्रखंड के बाना गांव में रविवार को आयोजित जनसंवाद एवं जनसमस्या समाधान कार्यक्रम में विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पहुंचे। ग्रामीणों के आमंत्रण पर पहुंचे विधायक ने गांव के ग्रामीणों से सीधा संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं और जनहित से जुड़े प्रमुख मुद्दों की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सड़क, चापानल, चौपाल, छठ घाट सहित विभिन्न बुनियादी स्थानीय समस्याओं को उनके समक्ष रखा। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने पेयजल की समस्या पर जोर देकर कहा कि पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर नल जल का सारा पैसा खा गये जिसके चलते मोदी की महत्वाकांक्षी योजना अधूरी रह गई है। कार्यक्रम के दौरान 14 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में अभिनंदन किया। कार्यक्रम में भाजपा दक्षिणी मंडल प्रभारी कुंदन चंद्रवंशी, विकास दुबे, भोला पासवान, सिकन्दर पासवान, अनुपम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अनीश अंसारी, उदय चौधरी, सुदामा पासवान, दिनेश राम, कन्हाई राम, मनोज चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)